केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CICOM/A/P/20/00106
CICOM/R/P/20/00404

C. I. C./के० सू० आ०
RECEIVED
21 DEC 2020
D. No.......
Initials.......

**अपीलकर्ता** : **श्री हयात सिंह**
**C/o श्री मानराज राठोड़**
**रामपुरा, गली नं 18**
**जल स्टूडियो के पास, बीकानेर**
**राजस्थान - 334004.**

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 02.09.2020 |
| केन्द्रीय सूचना आयोग के आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में आर.टी.आई. आवेदन प्राप्त होने की तिथि | 15.09.2020 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 24.09.2020 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री कृष्ण अवतार तलवार |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 15.10.2020 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय में प्रथम अपील आवेदन प्राप्त होने की तिथि | 25.11.2020 |
| निर्णय की तारीख | 21.12.2020 |

**मांगी गई सूचना**

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 18.11.2020 को प्रेषित की गई द्वितीय अपील पर की गई कार्यवाही की सूचना मांगी गई थी ।

**प्रदान की गई सूचना**

2. श्री कृष्ण अवतार तलवार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा डाक अनुभाग प्रभारी से सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 5 (4) के तहत सहायता लेकर दिनांक 24.09.2020 को सूचना प्रेषित की गई जिसमें बताया गया है कि :-

"श्री मानराज राठोड़ द्वारा वर्णित द्वितीय अपील दिनांकित 18.11.2020 इस आयोग में दिनांक 22.11.2019 को डायरी सं. 156199 के तहत डाइराइज हुई जिस पर द्वितीय अपील नं. CIC/IARMY/A/2019/156199 दर्ज किया गया जिसकी सुनवाई उचित समय पर की जाएगी"

**प्रथम अपील का आधार**

3. प्रथम अपील आवेदन में अपीलकर्ता ने उल्लेख किया है कि उन्हें अभी तक आर.टी.आई. आवेदन का कोई जवाब नहीं दिया गया है तथा अनुरोध किया है कि सूचना प्रदान करवाने का आदेश दिया जाए ।

**निर्णय**

4. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन एवं आर.टी.आई. आवेदन) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता का दिनांक 02.09.2020 का उक्त आर.टी.आई. आवेदन आयोग के आर.टी.आई. प्रकोष्ठ में दिनांक 15.09.2020 को प्राप्त हुआ तथा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत निर्धारित अवधि तीस दिन के अंदर ही दिनांक 24.09.020 को श्री कृष्ण अवतार तलवार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा पत्र सं. CICOM/R/P/20/00404

के माध्यम से सूचना प्रेषित कर दी गई । श्री कृष्ण अवतार तलवार द्वारा प्रेषित सूचना, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत ही है, अतः इस मामले में प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है । इस आदेश के साथ श्री कृष्ण अवतार तलवार द्वारा प्रेषित सूचना की प्रति पुनः सलग्न है ।

5. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

6. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली - 110067 में की जा सकती है ।

निर्णय की तारीख : 21 दिसम्बर, 2020

मीना शर्मा
21/12/2020

**(मीना बलिमने शर्मा)**
**प्रथम अपीलीय अधिकारी**
**दूरभाष - 011-26162290**

संलग्नक - श्री कृष्ण अवतार तलवार द्वारा प्रेषित सूचना की प्रति ।

प्रतिलिपि :

1. श्री राम कुमार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।
2. श्री श्री कृष्ण अवतार तलवार, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

21/12/20
21/12/20

केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नज़दीक पुराना जे न यू कैंपस,
नई दिल्ली -110067

संचित संख्या: CICOM/R/P/20/00404

सेवा में,

दिनांक : 24.09.2020

श्री मानराज राठौर
रामपुरा गली न. 18,
नियर् जल स्टूडियो के पास
बीकानेर, राजस्थान - 334004

विषय :- RTI Act, 2005 के तहत सुचना प्रदान करना.

महोदय,

सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत आपका आवेदन दिनांक 02.09.2020 , इस रजिस्ट्री को ऑनलाइन सुविधा आरटीआई एमआईएस के माध्यम से दिनांक 17.09.2020 को फाइल संख्या CICOM/R/P/20/00404 के तहत अपीलार्थी को सीधे सूचना प्रदान करने हेतू अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त हुआ। जिसका उत्तर इस प्रकार है:-

आपको सम्बंधित सूचना प्रदान कराने हेतु I/C (डाक अनुभाग), custodian of information, से सहायता मांगी गई। उनके द्वारा प्रदान की गई जानकारी जो कि self explanatory है अतः उस पत्र दिनांक 21.09.2020 को (in original) सलंग्न किया जाता है।

यदि आप इस जवाब से संतुष्ट नहीं है तो आप 30 दिनों के अन्दर प्रथम अपीलीय अधिकारी को प्रथम अपील कर सकते है। प्रथम अपीलीय अधिकारी का नाम व पता इस प्रकार है, **Smt. Meena Balimane Sharma, प्रथम अपीलीय अधिकारी ,कमरा न .502, केन्द्रिय सूचना आयोग ,बाबा गंगनाथ मार्ग ,नजदीक पुराना जे न यू कैंपस ,नई दिल्ली 110067** । उनका दूरभाष न 011-26162290 है।

सलंग्न: उपरोक्त (in orignal)

(कृष्ण अवतार तलवार)
उप सचिव/सी पी आई ओ
केन्द्रीय रजिस्टरी –1
दूरभाष न. – 011-26186536

प्रतिलिपि : **केंद्रीय जन सूचना अधिकारी** ,केन्द्रीय सूचना आयोग ,नई दिल्ली।

(कृष्ण अवतार तलवार)
उप सचिव/सी पी आई ओ

pl. file
R14
2819

केंद्रीय सूचना आयोग
Central Information Commission
Baba Gangnath Marg /बाबा गंगनाथ मार्ग,
Munirka/मुनिरका,नई दिल्ली/New Delhi -110067
Website-cic.gov.in

File No.3/1/2020 /Dak Section
CICOM/R/2020/00404

Date 21-09-2020

विषय : सूचना का अधिकार अधिनियम २००५ की धारा ५(४) के अंतर्गत सहायता।

महोदय,

आपका पत्र संख्या CICOM/R/P/2020/00404 दिनांकित 17-09-2020 के सन्दर्भ में।

कमीशन के सॉफ्टवेयर के अवलोकन से ज्ञात होता है कि श्री मानराज राठौड़ द्वारा वर्णित द्वितीय अपील दिनांकित 18-11-2019 इस आयोग में दिनांक 22-11-2019 को डायरी संख्या 156199 के तहत डाइराइज़्ड हुई। जिस पर द्वितीय अपील न. CIC/IARMY/A/2019/156199 दर्ज किया गया जिसकी सुनवाई उचित समय पर की जाएगी।

रामपाल सिंह

(राम पाल सिंह)
डाक अनुभाग अधिकारी

उप सचिव (सीआर -1)